पर्चा डिक्री

न्यायालय सहायक कलक्टर एव उपखण्ड अधिकारी (राजस्व) टिब्बी जिला हनुमानगढ़

पीठासीन अधिकारी :—सत्यनारायण आर.ए.एस.

मि0न0 28/2026

1 गुरमीत कौर पुत्री श्रवण सिंह पत्नी गिठ्ठू सिंह जाति बावरी निवासी नगर साबुआना तहसील टिब्बी हाल चक धोला तहसील सादुलशहर जिला श्रीगंगानगर।

वादी

बनाम

2 तहसीलदार (राजस्व) टिब्बी जिला हनुमानगढ़।

प्रतिवादी

दिनांक 30/3/26

डिक्री

आज यह वाद मुझ सत्यनारायण उपखण्ड अधिकारी एवं सहायक कलक्टर टिब्बी के समक्ष वकील वादी श्री अनिल सिंडाना व प्रतिवादी राजपैरोकार अंतिम निपटारे/निर्णय हेतु प्रस्तुत होने पर वाद वादी साक्ष्य सबूतों एवं प्रतिवादी की सहमति के आधार पर साबित होने के कारण वाद वादी मुताबिक अनुतोष डिक्री किया जाकर घोषणा की जाती है:— चक न. 2 एस.बी.एन. जमाबंदी संवत 2075—2078 खाता संख्या 103/99 में दर्ज 4.478 है0 कृषि भूमि में से 633/4478 हिस्सा अर्थात 0.633 है0 कृषि भूमि में अपना नाम मिन्दो के स्थान पर सही नाम गुरमीत कौर व पता साबुआना तहसील टिब्बी जिला हनुमानगढ़ के स्थान पर चक धोला तहसील सादुलशहर जिला श्री गंगानगर दर्ज किये जाने के आदेश दिये जाते है। यदि वादी पर किसी भी प्रकार का आपराधिक प्रकरण या कोई सरकारी देय बकाया हो तो पूर्व नाम ही मान्य होगा। तहसीलदार राजस्व टिब्बी को आदेशित किया जाता है कि यदि किसी सक्षम न्यायालय का स्थगन आदेश न हो तो उक्तानुसार राजस्व रिकोर्ड में अमल दरामद करे। खर्चा उभयपक्ष अपना अपना वहन करेगे।

यह पर्चा डिक्री आज दिनांक 30/3/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी की गई।

(सत्यनारायण R.A.S)
उपखण्ड अधिकारी (राजस्व)
एवं सहायक कलेक्टर टिब्बी।